कार्यालय निदेशक माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान बीकानेर

कार्यालय–आदेश

इस कार्यालय के आदेश क्रमांक शिविरा–मा/सी–7/हिन्दी/स्थानांतरण/2019 दिनांक–29.09.2019 के तहत् श्री जगदीश प्रसाद शर्मा, व्याख्याता (हिन्दी), राउमावि, नॉगल पहाडी (भरतपुर) का स्थानान्तरण राउमावि, मादासिल (धौलपुर) किया गया। श्री जगदीश प्रसाद शर्मा ने इस स्थानान्तरण आदेश के विरूद्ध माननीय राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर में अपील संख्या–3478/2019 श्री जगदीश प्रसाद शर्मा बनाम निदेशक एवं अन्य दायर की गई।

अपील संख्या–3478/2019 में माननीय अधिकरण द्वारा पारित निर्णय दिनांक–22.11.19 द्वारा अपीलार्थी श्री जगदीश प्रसाद शर्मा के संबंध में आक्षेपित आदेश को नियमानुसार नया आदेश जारी होने तक स्थगित किया गया है।

माननीय अधिकरण के निर्णय के क्रम में अपीलार्थी श्री जगदीश प्रसाद शर्मा द्वारा अभ्यावेदन प्रस्तुत कर स्वयं के ब्रेन सर्जरी एवम् सर्जरी के बाद दिमागी दौरा आ जाने के बाद से लगातार सवाई मानसिंह अस्पताल, जयपुर में ईलाज चलने, स्थानान्तरित स्थान अधिक दूरी पर होने के कारण एवं नये आदेश जारी होने तक अधिकरण से स्थगन प्राप्त होने के कारण अपना पदस्थापन यथावत राउमावि, नॉगल पहाडी (भरतपुर) में करने अथवा राउमावि, भण्डारी अन्दरूनी (करौली) में रिक्त पद पर करने हेतु परिवेदना प्रस्तुत की है।

माननीय अधिकरण के निर्णय के क्रम में अपीलार्थी से प्राप्त संबंधित अभिलेखों का परीक्षण कर उनकी मांग पर विचार किया गया। अपीलार्थी की प्रतिकूल परिस्थितियों को देखते हुए इनका समायोजन राउमावि, भण्डारी अन्दरूनी (करौली) में व्याख्याता (हिन्दी) के रिक्त पद पर किया जाकर अभ्यावेदन का निस्तारण किया जाता है। सभी संबंधित पक्षकार सूचित हो।

(हिमांशु गुप्ता) 24/12
आई.ए.एस.
निदेशक
माध्यमिक शिक्षा,राजस्थान
बीकानेर

क्रमांकः शिविरा/माध्य/संस्था/सी–7/हिन्दी/स्था.को.के./जगदीशप्रसाद शर्मा/3478/2019 दिनांक–२५।।२।।९

➢ प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

1. संयुक्त विधि परामर्शी शिक्षा (विधि प्रकोष्ठ) विभाग जयपुर।
2. संबंधित संयुक्त निदेशक स्कूल शिक्षा।
3. संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी, (मुख्यालय) स्कूल शिक्षा।
4. मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, स्कूल शिक्षा, करौली
5. जि.शि.अ. (माध्य–विधि) जयपुर।
6. विधि अनुभाग, कार्यालय हाजा।
7. सिस्टम एनालिस्ट कम्प्यूटर अनुभाग को विभागीय वैबसाइट पर अपलोड हेतु।
8. संबंधित प्रधानाचार्य, राउमावि, नॉगल पहाडी (भरतपुर)/मादासिल (धौलपुर)/भण्डारी अन्दरूनी (करौली)
9. संबंधित कार्मिक–
10. गार्ड पंजिका।

संयुक्त–निदेशक (कार्मिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर